DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

**T.B.C.Test Booklet Series**

**Serial No.**

# A

# TEST BOOKLET

**World Geography**

**TEST—01**

---

**Time Allowed: One Hours** **Maximum Marks: 100**

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. You have to enter your **Roll Number** on the Test Booklet in the Box provided alongside. **DO NOT** write anything else on the Test Booklet.
3. This Test Booklet contains **50** Questions. Each item is printed in **Hindi**. Each comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ONLY ONE response for each item.
4. You have to mark all your responses **ONLY** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
5. **All** items carry equal marks.
6. **Penalty for wrong answeres:**

**THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN ALL THE QUESTIONS**

There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer is given by the candidate, one-third of the marks assigned to that question will be deducted as penalty. If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a wrong answer even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question. If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be no penalty for that question.

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना **अनुक्रमांक** लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और **कुछ न लिखें।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका 50 प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक अंश के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
4. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर **अलग** से दिए गए उत्तर पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
5. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
6. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

**सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

प्रत्येक के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए हेतु नियत किए गए अंकों का एक-तिहाई दण्ड के रूप में काटा जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उसके लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा। यदि उम्मीदवार द्वारा कोई हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उसके लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा।

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**Q 1. यूरोप के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. क्षेत्रफल की दृष्टि से सात महाद्वीपों में यूरोप का पाँचवाँ स्थान है।
2. इस महाद्वीप पर सर्वाधिक क्षेत्रफल में मैदान का विस्तार पाया जाता है
3. महाद्वीप का सबसे उत्तरी छोर केप माइज फ्लीजेली है।

**उपर्युक्त में से कितनें कथन सही हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans B

व्याख्याः

- क्षेत्रफल की दृष्टि से सात महाद्वीपों में यूरोप का छठा स्थान है। इसका कुल क्षेत्रफल 9938000 (विश्व के भू-क्षेत्र का 6.8 प्रतिशत) वर्ग किमी है। इस महाद्वीप पर सर्वाधिक क्षेत्रफल में (67%) मैदान का विस्तार पाया जाता है (UP.PCS:M:13)। यूरोप ही अकेला ऐसा महाद्वीप है जो सघन आबाद होते हुए भी बहुत समृद्ध है।
- इस महाद्वीप का सबसे उत्तरी बिन्दु केप नोर्डकिन (नार्वे) है, सबसे दक्षिणी बिन्दु गावाडोस (ग्रीस) 3451' उत्तरी अक्षांश, सबसे पश्चिमी बिन्दु-कोबो डा-रोका (पुर्तगाल) 932' पश्चिमी देशांतर तथा सबसे पूर्वी बिन्दु-यूराल पर्वत का पोलानीं भाग 6720' पूर्वी देशांतर है। महाद्वीप का सबसे उत्तरी छोर केप माइज फ्लीजेली (8151'उत्तरी अक्षांश) है।

**Q 2. स्कैंडिनेवियन प्रायद्वीप के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भौगोलिक रूप से स्कैंडिनेवियन प्रायद्वीप में नार्वे, स्वीडन और उत्तरी फिनलैण्ड को सम्मिलित किया गया है
2. सांकृतिक आधार पर स्कैंडिनेवियन देशों के अंतर्गत आइसलैंड, और डेनमार्क को भी सम्मिलित किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

व्याख्याः

- भौगोलिक रूप से स्कैंडिनेवियन प्रायद्वीप में नार्वे, स्वीडन और उत्तरी फिनलैण्ड को सम्मिलित किया गया है। किन्तु भाषा व संस्कृति के आधार पर स्कैंडिनेवियन देशों के अंतर्गत आइसलैंड, और डेनमार्क को भी सम्मिलित किया जाता है। अतः स्कैंडिनेवियन देशों के अन्तर्गत उपरोक्त पाँचों देश शामिल है।

**Q 3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. एस्तोनिया, लिथुआनिया और लटाविया गणराज्यों को बाल्टिक राज्यों के नाम से जाना जाता है।
2. बोस्निया-हर्जेगोविना, क्रोएशिया एवं स्लोवेनिया देशों को बाल्कन राज्य के अंतर्गत शामिल किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

व्याख्याः

- बाल्टिक राज्य-एस्तोनिया (तालित्र), लिथुआनिया (बिल्ना) और लटाविया (रीगा) गणराज्यों को बाल्टिक राज्यों के नाम से जाना जाता है।
- बाल्कन राज्यः इसमें 11 देश सम्मिलित हैं, जो सामूहिक रूप से बाल्कन राज्य की संज्ञा से विहित किये जाते हैं। यथा-सर्बिया, रोमानिया, बुल्गारिया, कोसोवो, नार्थ मेसिडोनिया, ग्रीस, अल्बानिया, मोंटेनेग्रो, बोस्निया-हर्जेगोविना, क्रोएशिया एवं स्लोवेनिया।

**Q 4. एशिया महाद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. एशिया विश्व के सभी महाद्वीपों में दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है।
2. इसका क्षेत्रफल विश्व के भू-भाग का लगभग 29.8 प्रतिशत है।
3. यह जनसंख्या घनत्व में विश्व में तीसरे स्थान पर है।

**उपर्युक्त में से कितनें कथन सही हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. A

व्याख्याः

- एशिया विश्व के सभी महाद्वीपों में सबसे बड़ा महाद्वीप है। इसका क्षेत्रफल 44,579,000 वर्ग किलोमीटर है, जो संसार के भू-भाग का लगभग 29.8 प्रतिशत है। विश्व जनसंख्या संभावना (World Population Prospects), 2022 के अनुसार एशिया की कुल जनसंख्याद 4.7 बिलियन हैं। वल्ड अर्बनाइजेशन प्रोस्पेक्ट्स, 2018 के अनुसार, एशिया की 53.7 प्रतिशत जनसंख्या नगरों में तथा 66.8 प्रतिशत गाँव में रहती है। सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व के मामले में विश्व में यह प्रथम स्थान पर है।

**Q 5. निम्नलिखित में से कौन एशिया और यूरोप के मध्य सीमा निर्धारण करते हैं?**

1. कालासागर
2. कैस्पियन सागर
3. काकेशस पर्वत

**कूटः**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1 , 2 और 3

Ans. D

व्याख्याः

- एशिया तथा यूरोप के बीच यूराल पर्वत (Ural Mountains), कैस्पियन सागर (Caspian Sea), काकेशस पर्वत (Caucasus Mts) तथा कालासागर सीमा बनाते हैं, जबकि एशिया एवं अफ्रीका के बीच स्वेज़ नहर (Swez Canal), लाल सागर सीमा बनाते हैं। एशिया तथा आस्ट्रेलिया महाद्वीपों के बीच न्यूगिनी द्वीप को सीमा समझा जाता है।

**Q 6. एशिया महाद्वीप की भौगोलिक अवस्थित के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. केप मिस सेलुसकिन इसका सबसे उत्तरी छोर है।
2. केप मिस डिनेवा इसका सबसे पूर्वी बिन्दु है।
3. इसका सबसे बड़ा प्रायद्वीप अरब है।

**उपर्युक्त में से कितनें कथन सही हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. C

व्याख्याः- **एशिया महाद्वीप**

- $77^0 43'$ अक्षांश पर केप मिस सेलुसकिन इसका सबसे उत्तरी छोर है। पूरे महाद्वीप का सबसे पश्चिमी क्षेत्र केप मिस आर्टीसेसजी (संवरनाजा जेमिला) है। सबसे दक्षिणी क्षेत्र केप टीजी बूरु है जो मलय प्रायद्वीप में है। $169^0 40'$ प० देशांतर पर केप मिस डिनेवा इसका सबसे पूर्वी बिन्दु है। इसके द्वीपों के सागर तटों की लम्बाई को छोड़कर इसका समुद्री तट 69,000 कि.मी. लम्बा है। इसका सबसे बड़ा प्रायद्वीप अरब है। यहाँ के भू-क्षेत्र की औसत ऊँचाई 960 मी. है। इसका विस्तार उत्तर से दक्षिण 6440 किमी0 तथा पूर्व से पश्चिम 9650 किमी. है।

**Q 7. एशिया महाद्वीप के भौगोलिक वर्गीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है?**

(a) ईरान, इराक, इजराइल एवं जोर्डन दक्षिण पश्चिमी एशिया के अंतर्गत आते हैं।
(b) तुर्की तथा रूस एशिया एवं यूरोप दोनों महाद्वीपों में स्थित हैं।
(c) यूरोप के एशियाई भाग को 'साइबेरिया' कहा जाता है।
(d) दक्षिण एशिया क्षेत्र में लाओस एक मात्र स्थल अवरूद्ध देश है।

Ans. *

व्याख्याः

- दक्षिण पश्चिमी एशिया (South-West Asia) जिसमें अफगानिस्तान, बहरीन, साइप्रस, ईरान, इराक, इजराइल, जोर्डन (Jordan), कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, सऊदी अरब, यमन तथा टर्की (तुर्की) सम्मिलित हैं। तुर्की तथा रूस एशिया एवं यूरोप दोनों महाद्वीपों में स्थित है। रूस के एशियाई भाग को 'साइबेरिया' कहते हैं। दक्षिण पूर्व एशिया का एकमात्र स्थल अवरूद्ध देश लाओस हैं।

**Q 8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. एशिया महाद्वीप का सबसे निचला भाग, काला सागर है।
2. विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट (Mt. Everest) नेपाल एवं भारत की सीमा पर स्थित है।
3. पामीर की गाँठ चीन, अफगानिस्तान तथा तजाकिस्तान की सीमा पर स्थित है।

**उपर्युक्त में से कितनें कथन सही हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. B

व्याख्याः

- संसार की सबसे ऊँची चोटी एवरेस्ट (Mt. Everest) समुद्र तल से 8848 मीटर ऊँची नेपाल एवं तिब्बत (चीन) की सीमा पर स्थित है। एशिया महाद्वीप का सबसे निचला भाग, मृत सागर (लगभग 397 मीटर) है। इसके तटीय देश इज़राइल, फिलिस्तीन एवं जोर्डन हैं। सभी मोड़दार ऊँची पर्वत श्रेणियाँ पामीर की गाँठ (Pamir knot) में आकर मिलती हैं जो कि चीन, अफगानिस्तान तथा तजाकिस्तान की सीमा पर स्थित है।

**Q 9. महाद्वीपीय और महासागरीय भूपर्पटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. महाद्वीपीय भूपर्पटी, महासागरीय भूपर्पटी की तुलना में अपेक्षाकृत कम सघन होती है।
2. महाद्वीपीय भूपर्पटी प्रकृति में ग्रेनाइटिक हैं जबकि महासागरीय भूपर्पटी प्रकृति में बेसाल्टिक हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

व्याख्याः

- महासागरीय क्रस्ट महाद्वीपीय क्रस्ट की तुलना में पतली और सघन होती है। महाद्वीपीय क्रस्ट हल्के रंग की चट्टानों से बनी है जिन्हें एंडेसाइट और ग्रेनाइट कहा जाता है जबकि महासागरीय भूपर्पटी आमतौर पर गहरे रंग की चट्टानों से बनी होती हैं जिन्हें बेसाल्ट और गैब्रो कहा जाता है। महाद्वीपीय क्रस्ट मोटाई में 6 से 47 मील के बीच तक होती है, जबकि महासागरीय क्रस्ट की मोटाई ज्यादातर जगहों पर लगभग 4 मील होती है। महाद्वीपीय क्रस्ट महासागरीय प्रकार की तुलना में बहुत पुरानी है, और इस तरह की परत पर पाए जाने वाले चट्टान अक्सर दुनिया में सबसे पुराने होते हैं।

**Q 10. जलवायु वर्गीकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. कोपेन ने तापमान तथा वर्षण के कुछ निश्चित मानों का चयन करते हुए उनका वन्यजीवों के वितरण से संबंध स्थापित किया और इन मानों का उपयोग जलवायु के वर्गीकरण के लिए किया।
2. वी. कोपेन द्वारा विकसित की गई जलवायु के वर्गीकरण की पद्धति आनुभविक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. B

व्याख्याः

- कोपेन ने वनस्पति के वितरण और जलवायु के बीच एक घनिष्ठ संबंध की पहचान की। उन्होंने तापमान तथा वर्षण के कुछ निश्चित मानों का चयन करते हुए उनका वनस्पति के वितरण से संबंध स्थापित किया और इन मानों का उपयोग जलवायु के वर्गीकरण के लिए किया। वर्षा एवं तापमान के मध्यमान वार्षिक एवं मध्यमान मासिक ऑकड़ों पर आधारित यह एक आनुभविक पद्धति है। उन्होंने जलवायु के समूहों एवं प्रकारों की पहचान करने के लिए बड़े तथा छोटे अक्षरों के प्रयोग का आरंभ किया।
- कोपेन द्वारा विकसित की गई जलवायु के वर्गीकरण की आनुभविक पद्धति का सबसे व्यापक उपयोग किया जाता है। कोपेन ने पाँच प्रमुख जलवायु समूह निर्धारित किए जिनमें से चार तापमान पर और एक वर्षण पर आधारित है।

**Q 11. साहेल प्रदेश निम्नलिखित में से किस महाद्वीप से संबंधित है?**

(a) एशिया
(b) अफ्रीका
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) यूरोप

Ans. B

व्याख्याः

- साहेल उत्तर में सहारा और दक्षिण में सूडानी सवाना के बीच अफ्रीका में संक्रमण का पारिस्थितिक और जैव-भौगोलिक क्षेत्र है। यहां अर्ध-शुष्क जलवायु पाई जाती है। यह अटलांटिक महासागर और लाल सागर के बीच उत्तरी अफ्रीका के दक्षिण-मध्य अक्षांशों में फैला है।
- अफ्रीका के साहेल भाग में उत्तरी सेनेगल के पश्चिम से पूर्वी भाग, दक्षिणी मॉरिटानिया, मध्य माली, उत्तरी बुर्किना फासो, अल्जीरिया का दक्षिणी भाग, नाइजर, नाइजीरिया का उत्तरी भाग, कैमरून का उत्तरी भाग और मध्य अफ्रीकी गणराज्य, मध्य चाड, सूडान का मध्य और दक्षिणी भाग, दक्षिण सूडान का उतरी भाग, इरिट्रिया और इथियोपिया के चरम उत्तर क्षेत्र शामिल हैं।

**Q 12. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही सुमेलित हैं।**

| | **देश** | **घास के मैदान** |
|---|---|---|
| 1. | अमेरिका | प्रेयरीज |
| 2. | यूरेशिया | स्टेपीज |
| 3. | ऑस्ट्रेलिया | कॅटरबरी |
| 4. | अर्जेंटीना | पंपाज |

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1, 2 और 4

Ans. D

व्याख्याः **विश्व के प्रमुख घास के मैदान /सवाना -**

- प्रेयरीज - उत्तरी अमेरिका
- लानोज- अमेजन नदी के उत्तरी ओरनीको बेसिन
- कम्पास - अमेजन नदी के दक्षिण भाग में ब्राजील
- कटिंगा - ब्राजील के उष्ण कटिबंधीय वन
- पार्कलैण्ड - अफ्रीका
- पम्पास - अर्जेण्टीना
- वेल्ड - द. अफ्रीका के भूमध्य सागरीय जलवायु में
- डाउंस - आस्ट्रेलिया (मरे-डार्लिंग बेसिन में)
- स्टेपीज - यूरेशिया
- कॅटरबरी - न्यूजीलैंड

**Q 13. तनामी मरुस्थल निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है?**

(a) सूडान
(b) माली
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) केन्या

Ans. C

व्याख्याः

- तनामी रेगिस्तान उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में एक रेगिस्तान है, जो उत्तरी क्षेत्र और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में स्थित है।
- इसमें छोटी पहाड़ियों के साथ एक चट्टानी इलाका है।

**Q 14. निम्नलिखित में से कौन-सी झीलें कनाडा में अवस्थित हैं?**

1. सुपीरियर झील
2. ह्यूरोन झील
3. टेक्सकोकॉ झील
4. चपाला झील

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 3 और 4

Ans. A

व्याख्याः

- सुपीरियर तथा ह्यूरॉन कनाडा की झीलें हैं। टेक्सकोकॉ झील तथा चपाला झील मैक्सिको की झीलें हैं।
- कनाडा की अन्य झीलेंः लेक लुईस, गैरीबाल्डी झील, मोराइन झील, एमराल्ड झील, स्पॉटिड झील, अब्राहम झील आदि।

**Q 15. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | **पर्वत** | **अवस्थित** |
|---|---|---|
| 1. | जूरा पर्वत | फ्रांस |
| 2. | एजबर्ग पर्वत | जर्मनी |
| 3. | एपेनाइन पर्वत | इटली |
| 4. | वासजेस पर्वत | स्पेन |

**उपर्युक्त में से कितनें युग्म सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

Ans. C

व्याख्याः सही सुमेलन इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जूरा पर्वत | फ्रांस |
| 2. | एजबर्ग पर्वत | जर्मनी |
| 3. | एपेनाइन पर्वत | इटली |
| 4. | वासजेस पर्वत | फ्रांस |

**Q 16. यूरोप की नदियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. टेम्स नदी कोट्सवोल्ड पर्वत से निकलकर उत्तरी सागर में गिरती है।
2. डेन्यूब नदी यूरोप की दूसरी सबसे लंबी नदी है जो, ब्लैक फारेस्ट पर्वत से निकलकर उत्तरी सागर में गिरती है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. A

व्याख्याः

- टेम्स नदी (इंग्लैण्ड) कोट्सवोल्ड पर्वत से निकलकर उत्तरी सागर में गिरती है। लंदन, ऑक्सफोर्ड व रीडिंग शहर इसी नदी के किनारे पर बसे हैं।
- डेन्यूब (जर्मनी) यूरोप की दूसरी सबसे लंबी नदी जो, ब्लैक फारेस्ट पर्वत से निकलकर पूर्व में बहती हुई काला सागर में गिरती है। यह विश्व की एक मात्र ऐसी नदी है जो 10 देशों यथा- जर्मनी, आस्ट्रिया, स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोएशिया, सर्बिया, बुल्गारिया, - रूमानिया, यूक्रेन एवं मालडोवा से होकर गुजरती है।

**Q 17. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) यूरोप प्रकीर्णित प्रकार का महाद्वीप है।
(b) विश्व का रोटी का डलिया यूक्रेन के स्टेपी क्षेत्र को कहा जाता है।
(c) यूरोप का सर्वाधिक चावल उत्पादक क्षेत्र इटली का लोम्बार्डी का मैदान है।
(d) यूरोप में चीनी प्राप्ति का प्रमुख स्रोत गन्ना है।

Ans. D

व्याख्याः

- यूरोप प्रकीर्णित प्रकार का महाद्वीप है। कारण स्वरूप इसे 'प्रायद्वीपों का प्रायद्वीप' एवं यूरेशिया का प्रायद्वीप कहा जाता है। 'यूरेशिया' यूरोप एवं एशिया के सम्मिलित भू-भाग को कहते हैं।
- विश्व का रोटी का डलिया यूक्रेन के स्टेपी क्षेत्र को कहा जाता है।
- यूरोप का सर्वाधिक चावल उत्पादक क्षेत्र इटली का लोम्बार्डी का मैदान है।
- यूरोप में चीनी प्राप्ति का प्रमुख स्रोत चुकन्दर है। फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन, पोलैण्ड एवं रूस आदि चुकन्दर के बड़े उत्पादक हैं। यूरोपीय देशों में विश्व का 60% चुकन्दर उत्पादित होता है।

**Q 18. यूरोपीय देशों को उनके क्षेत्रफल के आधार पर सही अवरोही क्रम को चुनिये-**

(a) फ्रांस - यूक्रेन – स्पेन - स्वीडन
(b) स्पेन - यूक्रेन – फ्रांस - स्वीडन
(c) फ्रांस - स्वीडन – स्पेन - यूक्रेन
(d) स्पेन - फ्रांस – यूक्रेन - स्वीडन

Ans. A

व्याख्याः क्षेत्रफल के आधार पर यूरोप के 5 सबसे बड़े देश हैं-

| **नाम** | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी में)** | **राजधानी** |
|---|---|---|
| 1. रूस | 1,70,98,242 | मास्को |
| 2. फ्रांस | 6,43,801 | पेरिस |
| 3. यूक्रेन | 6,03,550 | कीव |
| 4. स्पेन | 5,05,370 | मैड्रिड |
| 5. स्वीडन | 4,50,295 | स्टॉकहोम |

**Q 19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. जर्मनी की बेसर घाटी, फ्रांस का लॉरेन क्षेत्र और स्वीडन का किरूना यूरोप के प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक क्षेत्र हैं।
2. जर्मनी का सार, बवेरिया तथा सैक्सोनी और पोलैंड का साइलेशिया यूरोप के प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र हैं।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

व्याख्या: यूरोप के प्रमुख लौह अयस्क एवं कोयला उत्पादक क्षेत्र

- लौह अयस्क - जर्मनी (बेसर घाटी), फ्रांस (लॉरेन क्षेत्र), स्वीडन (किरूना), नार्वे (कर्कनेस), स्पेन (बिल्बाओ), यूक्रेन (क्रिवोयराग), रूस (द. यूराल, कुस्र्क व मैग्नीटोगोस्र्क)।
- कोयला - कुजबास क्षेत्र (रूस), सार, बवेरिया, सैक्सोनी (जर्मनी); साइलेशिया (पोलैंड)। ग्रेट-ब्रिटेन - (यार्कशायर डर्बीशायर- नॉटिंघमशायर; स्कॉटलैंड की क्लाइड घाटी)।

**Q 20. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| सागर | अवस्थिति |
|---|---|
| 1. भूमध्य सागर | यूरोप और अफ्रीका को अलग करता है |
| 2. बाल्टिक सागर | अटलांटिक महासागर सम्बद्ध |
| 3. उत्तरी सागर | अटलांटिक महासागर में ब्रिटेन के पूर्व |
| 4. आइरिश सागर | अटलांटिक महासागर में ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड के मध्य |

**उपर्युक्त में से कितनें युग्म सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

Ans. D

व्याख्या: प्रश्न में दिए गए सभी विकल्प सही सुमेलित हैं यथा-

| सागर | अवस्थिति |
|---|---|
| 1. भूमध्य सागर | यूरोप और अफ्रीका को अलग करता है |
| 2. बाल्टिक सागर | अटलांटिक महासागर में |
| 3. उत्तरी सागर | अटलांटिक महासागर में ब्रिटेन के पूर्व |
| 4. आइरिश सागर | अटलांटिक महासागर में ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड के मध्य |

**Q 21. निम्नलिखित में से कौन-सी झीलें यूरोप में अवस्थित हैं?**

1. गार्डा झील
2. आइजेसेल झील
3. ओनेजेस्कोय (ओनेगा)
4. कान्सेटेन्स झील

**कूट;**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

Ans. D

व्याख्या:

- यूरोप की प्रमुख झीलें- लडोगा झील, गार्डा झील, आइजेसेल झील, ओनेजेस्कोय (ओनेगा), कान्सेटेन्स झील, बालाटन झील आदि।

**Q 22. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| जलसंधियाँ | | अवस्थिति |
|---|---|---|
| 1. डोवर जल संधि | - | इंग्लिश चैनल एवं उत्तरी सागर |
| 2. जिब्राल्टर जलसन्धि | - | भूमध्यसागर और अटलांटिक महासागर |
| 3. बोनीफेसियो जलसन्धि | - | टाइरेनियन सागर और भूमध्यसागर |
| 4. बासपोरस जलसन्धि | – | बाल्टिक सागर और मरमरा सागर |

**उपर्युक्त में से कितनें युग्म सही सुमेलित नहीं हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

Ans. A

व्याख्या: यूरोप की प्रमुख जलसंधियाँ-

| | |
|---|---|
| डोवर जल संधि | इंग्लिश चैनल एवं उत्तरी सागर |
| डेनमार्क जलसंधि | उत्तरी अटलांटिक एवं ग्रीनलैण्ड सागर आर्कटिक महासागर |
| जिब्राल्टर जलसन्धि | भूमध्यसागर और अटलांटिक महासागर |
| मेसिना जलसन्धि | टाइरेनियन सागर और भूमध्यसागर (इयोनियन सागर) |
| ओट्रैन्टो जलसन्धि | एड्रियाटिक सागर और आयोनियन सागर |
| बासपोरस जलसन्धि | काला सागर और मरमरा का सागर |
| कर्च जलसन्धि | अजोव सागर और काला सागर |

| | |
|---|---|
| डार्डेनेल जलसन्धि | मरमरा का सागर और एजिअन सागर |
| नार्थ चैनल | आयरिश सागर एवं अटलांटिक सागर |
| सेंट जॉर्ज चैनल | आयरिश सागर एवं सेल्टिक सागर |

**Q 23. टिर्रहेनियन, अड्रिएटिक एवं एजियन निम्नलिखित में से किस सागर की खाड़ियाँ हैं?**

(a) भूमध्य सागर
(b) काला सागर
(c) उत्तरी सागर
(d) कैस्पियन सागर

Ans. A

**व्याख्याः**

- भू-मध्य सागर के चातुर्दिक कुछ प्रमुख खाड़ियाँ सागर स्थित हैं। इनमें टिर्रहेनियन (सार्डिनिया एवं इटली के मध्य), एड्रिएटिक सागर (बाल्कन प्रायद्वीप एवं इटली के मध्य) एजियन सागर (यूनान एवं तुर्की के मध्य), प्रमुख हैं।

**Q 24. भूमध्य सागर के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह दक्षिण में अफ्रीका, उत्तर में यूरोप तथा पूर्व में एशिया महाद्वीप से घिरा हुआ एक बंद सागर है।
2. यह टेथिस सागर का ही अवशिष्ट भाग है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

**व्याख्याः**

- यह दक्षिण में अफ्रीका, उत्तर में यूरोप तथा पूर्व में एशिया महाद्वीप से घिरा हुआ लगभग 25 लाख वर्ग किमी. क्षेत्र पर विस्तृत एक बंद सागर है। भूगर्भशास्त्रियों के अनुसार, यह तृतीय महाकल्प के टेथीज सागर का ही अवशिष्ट भाग है।

**Q 25. निम्नलिखित में से कौन भूमध्य सागर के तट पर अवस्थित हैं?**

1. अल्बानिया
2. मोंटेनेग्रो
3. बोस्निया-हर्जेगोविना
4. क्रोएशिया
5. स्लोवेनिया

**कूटः**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 5
(c) केवल 1,3 और 4
(d) 1 , 2, 3 ,4 और 5

Ans. D

व्याख्याः

- भूमध्य/रूम सागर (MEDITERRANEAN SEA) के तट पर कुल 20 देश स्थित हैं, जिनमें अफ्रीका महाद्वीप के देशों में मोरक्को, अल्जीरिया, ट्यूनीसिया, लीबिया तथा मिस्त्र; एशियाई देशों में इस्त्राइल, लेबनान, फिलिस्तीन, सीरिया एवं तुर्की और यूरोपियन देशों में ग्रीस, अल्बानिया, मोंटेनेग्रो, बोस्निया-हर्जेगोविना, क्रोएशिया, स्लोवेनिया, इटली, फ्रांस, मोनाको तथा स्पेन अवस्थित हैं। इस सागर के प्रमुख द्वीपों में- साइप्रस, माल्टा, सिसली सार्डिनिया, (इटली), कोर्सिका (फ्रांस), बालरिक द्वीप समूह, क्रीट एवं रोड्स आदि हैं।

**Q 26. निम्नलिखित में से कौन-सी नदियां भूमध्य सागर में गिरती हैं?**

1. नील
2. टाइवर
3. पो
4. रोन
5. इब्रो

**कूटः**

(a) केवल 1,2 और 3
(b) केवल 1,2, 3 और 5
(c) केवल 1,3,4 और 5
(d) 1 , 2, 3 ,4 और 5

Ans. D

व्याख्याः

- भू-मध्य सागर, जिसे कि रूम सागर भी कहा जाता है, में गिरने वाली प्रमुख नदियों में नील (मिस्त्र), टाइवर एवं पो (इटली), रोन (फ्रांस) तथा इब्रो (स्पेन) उल्लेखनीय हैं।

**Q 27. अफ्रीका महाद्वीप के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अफ्रीका का दो-तिहाई हिस्सा उत्तरी गोलार्ध में और एक-तिहाई हिस्सा दक्षिणी गोलार्ध में स्थित है।
2. यह एकमात्र महाद्वीप है जिसके मध्य से कर्क रेखा, भूमध्य रेखा, और मकर रेखा गुजरती हैं।
3. सवाना इस महाद्वीप में पाया जाने वाला एक घना वन क्षेत्र है जो अफ्रीका के लगभग आधे हिस्से में फैला है।

**उपर्युक्त में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1 , 2 और 3

Ans. A

व्याख्याः

- अफ्रीका का दो-तिहाई हिस्सा उत्तरी गोलार्ध में और एक-तिहाई हिस्सा दक्षिणी गोलार्ध में स्थित है।
- यह एकमात्र महाद्वीप है जिसके मध्य से कर्क रेखा, भूमध्य रेखा, और मकर रेखा गुजरती हैं। यही कारण है कि यहां धूप वाली जलवायु होती है।
- सवाना इस महाद्वीप में पाया जाने वाला एक घास का मैदान है जो अफ्रीका के लगभग आधे हिस्से में फैला है। सवाना में घास और झाड़ियों के बीच बिखेरे हुए पेड़ है।

**Q 28. अफ्रीका महाद्वीप के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अफ्रीका के उष्ण घास के मैदान 'सवाना' और शीतोष्ण घास के मैदान वेल्ड्स कहलाते हैं।
2. अफ्रीका के कांगो प्रजातान्त्रिक गणराज्य को वनों का देश कहा जाता है।
3. अफ्रीका में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश नाइजीरिया है।

**उपर्युक्त में से कितनें कथन सही नहीं हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. D

**व्याख्याः**

- अफ्रीका के उष्ण घास के मैदान 'सवाना' और शीतोष्ण घास के मैदान बेल्ड्स कहलाते हैं।
- अफ्रीका के कांगो प्रजातान्त्रिक गणराज्य को वनों का देश कहा जाता है। कांगो प्रजातांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा है।
- अफ्रीका में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश नाइजीरिया है जबकि जनसंख्या की दृष्टि से यहाँ का सबसे छोटा देश सेसेल्स है।

**Q 29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. विश्व में अफ्रीका सबसे अधिक जनसंख्या-वृद्धि दर वाला महाद्वीप है।
2. अफ्रीका में सेसेल्स में साक्षरता का प्रतिशत सर्वाधिक है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

व्याख्याः प्रश्न में दिए गए दोनों कथन सही हैं-

- विश्व में अफ्रीका सबसे अधिक जनसंख्या-वृद्धि दर वाला महाद्वीप है।
- अफ्रीका में सेसेल्स में साक्षरता का प्रतिशत सर्वाधिक है।

**Q 30. अफ्रीका महाद्वीप में अवस्थित बांधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अस्वान बाँध मिस्र में नील नदी पर अवस्थित अफ्रीका का सबसे ऊँचा बाँध है।
2. "कहोरा बासा बाँध" मोजाम्बिक में जाम्बेजी नदी पर निर्मित है।
3. सेन्नार बाँध सूडान में नील नदी पर अवस्थित।

**उपर्युक्त में से कितनें कथन सही नहीं हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. D

व्याख्याः प्रश्न में दिए गए सभी कथन सही हैं।

**अफ्रीका के मुख्य बहुउद्देश्यीय बाँध-**

- ओवन बाँध ओवन प्रपात के समीप, जो श्वेत नील नदी पर अवस्थित एक बहुउद्देश्यीय योजना है। (IAS)
- सेन्नार बाँध - सूडान में नीली नील नदी पर अवस्थित।
- अस्वान बाँध - मिस्र में नील नदी पर अवस्थित अफ्रीका का सबसे ऊँचा बाँध, जिसके द्वारा नील नदी के बहाव को नियंत्रित किया जाता है। इस बाँध के अतिरिक्त जल से नास्सेर झील का निर्माण किया गया है। (UPPCS; UP Lower)
- "इन्गा बाँध" जायरे नदी (कांगो) पर अवस्थित है।
- मोजाम्बिक में जाम्बेजी नदी पर "कहोरा बासा बाँध" निर्मित है।
- करीबा बाँध - जाम्बेजी नदी पर अवस्थित है। इसे करीबा झील पर बनाया गया है। (UPPCS Main)
- कैंजी बाँध - नाइजर नदी पर स्थित ।
- अकोसोम्बो बाँध - वोल्टा नदी (घाना) पर निर्मित इस बाँध से बनी वोल्टा झील अफ्रीका की सबसे बड़ी कृत्रिम झील है।

**Q 31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

| | अफ्रीका की तटीय रेखा | | देश |
|---|---|---|---|
| 1. | खाद्यान्न तटीय रेखा (Grain coast) | - | सियरा लियोन एवं लाइबेरिया |
| 2. | आइवरी तटीय रेखा (Ivory coast) | - | आइवरी कोस्ट |
| 3. | स्वर्ण तटीय रेखा (Gold coast) | - | टोगो, बेनिन एवं नाइजीरिया |
| 4. | दास तटीय रेखा (Slave coast) | - | घाना |

**उपर्युक्त में से कितनें युग्म सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

Ans. B

व्याख्याः सही सुमेल इस प्रकार है-

| अफ्रीका के तटीय रेखा | | देश |
|---|---|---|
| 1. खाद्यान्न तटीय रेखा (Grain coast) | - | सियरा लियोन एवं लाइबेरिया |
| 2. आइवरी तटीय रेखा (Ivory coast) | - | आइवरी कोस्ट |
| 3. स्वर्ण तटीय रेखा (Gold coast) | - | घाना |
| 4. दास तटीय रेखा (Slave coast) | - | टोगो, बेनिन एवं नाइजीरिया |

**Q 32. अफ्रीका महाद्वीप के पठारों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. सोमाली पठार पेट्रोलियम संसाधन सम्पन्न क्षेत्र इथियोपियाई उच्च भूमि के पूर्वी भाग में स्थित है।
2. कटंगा पठार कांगो एवं जायरे नदियों का उद्गम क्षेत्र होने के साथ ही तांबा एवं हीरा के उत्पादन हेतु प्रसिद्ध है।
3. जॉस का पठार खनिज भण्डार हेतु प्रसिद्ध है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1 , 2 और 3

Ans. D

व्याख्याः **अफ्रीका के प्रमुख पठार**

- **सोमाली पठार**- पेट्रोलियम संसाधन सम्पन्न यह क्षेत्र इथियोपियाई उच्च भूमि के पूर्वी भाग में स्थित है।
- **कटंगा पठार** - कांगो एवं जायरे नदियों का यह उद्गम क्षेत्र तांबा एवं हीरा के उत्पादन हेतु प्रसिद्ध है।
- **टंगानिका का पठार** - यह तंजानिया में स्थित क्षेत्र है।
- **अबीसीनिया का पठार** - इथियोपिया स्थित यह लावा निर्मित पठार कॉफी उत्पादन हेतु प्रसिद्ध है।
- **अदामावा का पठार** - यह नाइजीरिया व कैमरुन की सीमा पर स्थित पठार है।
- **जॉस का पठार** - यह पठार टिन भण्डार हेतु प्रसिद्ध है।
- **बाई का पठार** - अंगोला स्थित यह उच्चभूमि, अनेक नदियों का उद्गम क्षेत्र है।

**Q 33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अफ्रीकी देशों में जन्म दर काफी ऊँची है परन्तु पिछले कुछ दशकों से मृत्यु-दर में कमी हुई है
2. अफ्रीका महाद्वीप, जनसांख्यिकी परिवर्तन की दूसरी अवस्था में है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

व्याख्याः

- अफ्रीका के देशों में जन्म दर काफी ऊँची है परन्तु पिछले कुछ दशकों से मृत्यु-दर में कमी हुई है जिसके कारण जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है। इस प्रकार, अफ्रीका महाद्वीप, जनसांख्यिकी परिवर्तन की दूसरी अवस्था में है।

**Q 34. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

| काल्पनिक रेखाएं | | अवस्थित देश |
|---|---|---|
| 1. कर्क रेखा | - | मिस्त्र, लीबिया, अल्जीरिया, माली, मॉरिटानिया, पश्चिमी सहारा |
| 2. मकर रेखा | - | मेडागास्कर, मोजाम्बिक, दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, नामीबिया |
| 3. विषुवत रेखा | - | बुर्किना फासो, टोगो, घाना |

**उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1 , 2 और 3

Ans. A

व्याख्याः

- कर्क रेखा - 1. मिस्त्र, 2. लीबिया, 3. अल्जीरिया, 4. माली, 5. मॉरिटानिया, 6. पश्चिमी सहारा।
- मकर रेखा - 1. मेडागास्कर, 2. मोजाम्बिक, 3. दक्षिण अफ्रीका, 4. बोत्सवाना, 5. नामीबिया।
- विषुवत रेखा - 1. सोमालिया, 2. केन्या, 3. युगाण्डा, 4. जायरे, 5. कांगो, 6. गैबन।
- प्रधान देशान्तर रेखा (0) - 1. अल्जीरिया, 2. माली, 3. बुर्किनाफासो, 4. टोगो, 5. घाना (उत्तर से दक्षिण)

**Q 35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**

1. अफ्रीका महाद्वीप के अधिकांश धरातल का निर्माण प्रीकैम्ब्रियन युगीन चट्टानों से हुआ है।
2. इस महाद्वीप का एक मात्र मोड़दार पर्वत एटलस है।
3. अफ्रीका की ग्रेट रिफ्ट-घाटी एक महाद्रोणी है, और लाल सागर इसी महाद्रोणी का भाग है।

**उपर्युक्त में से कितनें सही हैं ?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. C

व्याख्याः

- अफ्रीका महाद्वीप का 75 प्रतिशत धरातल का निर्माण प्रीकैम्ब्रियन युगीन चट्टानों से हुआ है। इस महाद्वीप का एक मात्र मोड़दार पर्वत एटलस (उत्तर-पश्चिम) है, जो यूरोप में प्रवेश कर गया है। ग्रेट रिफ्ट-घाटी, अफ्रीका की सबसे अधिक आश्चर्यजनक स्थलाकृतिक विशेषता है। यह एक महाद्रोणी (trough) है जो एशिया के मृत-सागर से लेकर मोजाम्बिक एवं स्वाज़ीलैण्ड के पठार तक फैली हुई है। अरब-प्रायद्वीप एवं अफ्रीका के मध्य में स्थित लाल सागर भी इसी महा द्रोणी का भाग है।

**Q 36. अफ्रीका की निम्नलिखित झीलों के उनके क्षेत्रफल के आधार पर सही अवरोही क्रम को चुनिये-**

(a) न्यासा झील - टांगानिका झील – चाड झील - नासिर झील
(b) टांगानिका झील - न्यासा झील – चाड झील - नासिर झील
(c) चाड झील - न्यासा झील – टांगानिका झील - नासिर झील
(d) नासिर झील - न्यासा झील – चाड झील - टांगानिका झील

Ans. B

व्याख्याः अफ्रीका : 5 सबसे बड़ी झीलें ( क्षेत्रफलानुसार )

| नाम | क्षेत्रफल (वर्ग किमी. में) |
|---|---|
| 1. विक्टोरिया झील, | 69,484 |
| 2. टांगानिका झील | 32,900 |
| 3. न्यासा झील | 22,490 |
| 4. चाड झील | 17,800 |
| 5. नासिर झील | 12,900 |

**Q 37. उत्तरी अमेरिका के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. उत्तरी अमेरिका की जल-प्रवाह प्रणाली के निर्धारण में रॉकी पर्वत की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।
2. आर्कटिक महासागरीय जल प्रवाह प्रणाली का विस्तार उत्तरी अमेरिका के दक्षिणी भाग तक है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. A

व्याख्याः

- उत्तरी अमेरिका की जल-प्रवाह प्रणाली के निर्धारण में रॉकी पर्वत, महान् झीलों तथा अप्लेशियन पर्वत की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। आर्कटिक महासागरीय जल प्रवाह प्रणाली का विस्तार उत्तरी अमेरिका के उत्तरी भाग पर है। यहाँ की नदियाँ आर्कटिक महासागर में गिरती हैं।

**Q 38. उत्तरी अमेरिका की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. यह महाद्वीप उष्ण एवं शीत दोनों कटिबंधों में फैला है।
2. अन्तर उष्णकटिबन्धीय अभिसरण मेखला के खिसकाव के साथ ग्रीष्म ऋतु के जुलाई माह में 20°C की समताप रेखा उत्तरी अमेरिका के मध्य से होकर गुजरती है।
3. पश्चिमी तट पर लैब्रोडोर ठण्डी धारा के कारण तापमान नीचे गिर जाता है जबकि पश्चिमी तट पर प्रशान्त ड्रिफ्ट की धारा तापमान को ऊँचा कर देती है।

**उपर्युक्त में से कितनें कथन सही हैं ?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. B

व्याख्याः

- उत्तरी अमेरिका में विभिन्न प्रकार की जलवायु दशाएँ पायी जाती हैं। यह महाद्वीप उष्ण एवं शीत दोनों कटिबंधों में फैला है। अतः अन्तर उष्णकटिबन्धीय अभिसरण मेखला के खिसकाव के साथ ग्रीष्म ऋतु के जुलाई माह में 20°C की समताप रेखा उत्तरी अमेरिका के मध्य से होकर गुजरती है। उत्तरी भागों में इस समय 10° से 15°C तक तापमान पाया जाता है। दक्षिणी भागों में तापमान जून के महीने में 35°C तक पहुँच जाता है। इस समय उत्तरी अमेरिका का सर्वाधिक तापमान डेथ वैली में 55°- 56°C होता है। पूर्वी तट पर लैब्रोडोर ठण्डी धारा के कारण तापमान नीचे गिर जाता है जबकि पश्चिमी तट पर प्रशान्त ड्रिफ्ट की धारा तापमान को ऊँचा कर देती है।

**Q 39. चाको का मैदान निम्नलिखित में से किस देश का कपास उत्पादक क्षेत्र है?**

(a) ब्राजील
(b) अर्जेंटीना
(c) चिली
(d) बोलिविया

Ans. B

व्याख्याः दक्षिण अमेरिका के अर्जेंटीना देश में चैको का मैदान कपास उत्पादन में समृद्ध क्षेत्र है।

**Q 40. उत्तरी अमेरिका के पठारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. लारेंशिया पठार खनिज संसाधन से सम्पन्न पठार है।
2. मेक्सिको का पठार पश्चिमी एवं पूर्वी सियरा माद्रे पर्वत श्रेणियों के मध्य स्थित अंतर्पर्वतीय पठार है।
3. कोलंबिया पठार रॉकी एवं कास्केड श्रेणियों के मध्य स्थित अंतर्पर्वतीय पठार है।

उपर्युक्त में से कितनें कथन सही हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. C

व्याख्याः

- लारेंशिया पठार खनिज संसाधन से सम्पन्न पठार है जो लेब्राडोर प्रायद्वीप में स्थित कनाडियन शील्ड का भाग है।
- मेक्सिको का पठार पश्चिमी एवं पूर्वी सियरा माद्रे पर्वत श्रेणियों के मध्य स्थित अंतर्पर्वतीय पठार है।
- कोलंबिया पठार रॉकी एवं कास्केड श्रेणियों के मध्य स्थित अंतर्पर्वतीय पठार है। यह कोलंबिया नदी का प्रवाह क्षेत्र तथा उत्तरपश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका का पठारी भाग है।

**Q 41. पृथ्वी की आंतरिक संरचना के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**

1. मोहो असांतत्य - क्रस्ट और मेंटल के बीच।
2. गुटेनबर्ग असांतत्य - मेंटल और क्रोड के बीच।
3. लेहमैन असांतत्य - बाहरी क्रोड और आंतरिक मेंटल के बीच।

**उपर्युक्त में से कितनें युग्म सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. B

व्याख्याः

- कॉनराड असांतत्यः ऊपरी और निचले क्रस्ट के बीच।
- मोहो असांतत्यः क्रस्ट और मेंटल के बीच।
- गुटेनबर्ग असांतत्यः मेंटल और क्रोड के बीच।
- लेहमैन असांतत्यः बाहरी क्रोड और आंतरिक क्रोड के बीच।

**Q 42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. वेनेजुएला के उष्ण कटिबंधीय सवाना घास के मैदानों को लानोस कहा जाता है।
2. अर्जेंटीना के शीतोष्ण कटिबंधीय घास के मैदान को पम्पास कहते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

व्याख्याः दोनों कथन सही हैं-

- वेनेजुएला के उष्ण कटिबंधीय सवाना घास के मैदानों को लानोस की संज्ञा दी गई है
- अर्जेंटीना के शीतोष्ण कटिबंधीय घास के मैदान को पम्पास कहते हैं

**Q 43. लैटिन अमेरिका क्षेत्र में निम्नलिखित में से किसे शामिल किया जाता है?**

1. दक्षिणी अमेरिका
2. मध्य अमेरिका
3. पश्चिमी द्वीप समूह

**कूटः**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1,2 और 3

Ans. D

**व्याख्याः**

- दक्षिणी अमेरिका, मध्य अमेरिका और पश्चिमी द्वीप समूह को मिलाकर लैटिन अमेरिका कहा जाता है। लेकिन मध्य अमेरिकी देश और पश्चिमी द्वीप समूह के देश उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में सम्मिलित हैं। "लैटिन प्राचीन रोमवासियों की भाषा थी।

**Q 44. दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप के एण्डीज पर्वतमाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह नवीन मोड़दार पर्वत श्रृंखला है।
2. यह पर्वतमाला विश्व की सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला है।
3. एकांकागुआ एण्डीज की सर्वोच्च चोटी है

**उपर्युक्त में से कितनें सही हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans.C

व्याख्याः **एण्डीज पर्वतमाला**-दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप के पश्चिमी तट पर उत्तर से दक्षिण तक एण्डीज पर्वतमाला फैली है। यह नवीन मोड़दार पर्वत श्रृंखला है। 7200 किमी. लंबी यह पर्वतमाला विश्व की सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला हैं। एकांकागुआ एण्डीज की सर्वोच्च चोटी है, इसकी ऊँचाई 6962 मीटर है

**Q 45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. मरैकेबो झील वेनेजुएला के उत्तर में स्थित प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र है।
2. टिटिकाका झील बोलिविया एवं पेरू के मध्य अवस्थित विश्व की सबसे ऊँची नौगम्य झील है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

व्याख्याः दक्षिण अमेरिका के संदर्भ में उपर्युक्त दोनों कथन सही हैं-

- मरैकेबो झील वेनेजुएला के उत्तर में स्थित प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्रों में से एक है ,और यह दक्षिण अमेरिका की सबसे बडी झील है।
- टिटिकाका झील बोलिविया एवं पेरू के मध्य अवस्थित विश्व की सबसे ऊँची नौगम्य झील है।

**Q 46. अमेजन नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह नदी एण्डीज पर्वत से निकलकर पूर्व की ओर बहती हुई अटलाण्टिक महासागर में गिर जाती है।
2. लम्बाई तथा अपवाह क्षेत्र की दृष्टि से विश्व में इसका प्रथम स्थान है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. A

व्याख्याः

- **अमेजन नदी-** यह नदी एण्डीज पर्वत से निकलकर पूर्व की ओर बहती हुई अटलाण्टिक महासागर में गिर जाती है। लम्बाई की दृष्टि से इसका विश्व में द्वितीय स्थान तथा अपवाह क्षेत्र की दृष्टि से संसार की सबसे बड़ी नदी है। इस महाद्वीप की यह मुख्य तथा सबसे बड़ी नदी है। रियोनीग्रो, टोकिण्टन्स तथा मेडीरा इसकी सहायक नदियाँ हैं। इस नदी को संसार की सबसे चौड़ी तथा विशाल जलराशि की नदी कहते हैं।

**Q 47. दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. दक्षिणी अमेरिका खनिज सम्पदा की दृष्टि से समृद्ध है।
2. वेनेजुएला इस महाद्वीप का सबसे बड़ा पेट्रोलियम उत्पादक देश है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. B

व्याख्याः दक्षिणी अमेरिका खनिज सम्पदा की दृष्टि से अधिक सम्पत्र नहीं है। वेनेजुएला ओपेक का सदस्य राष्ट्र है और इस महाद्वीप का सबसे बड़ा पेट्रोलियम उत्पादक देश है। चिली ताँबे का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

**Q 48. ऑस्ट्रेलिया की वनस्पति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यहाँ की वनस्पति मुख्यतः वर्षा के द्वारा नियंत्रित होती है।
2. यहाँ उष्ण कटिबंधीय सदाबहारी वन, पतझड़ वाले वन वृक्ष भी पाए जाते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. C

व्याख्याः

- ऑस्ट्रेलिया की वनस्पति मुख्यतः वर्षा के द्वारा नियंत्रित होती है।' यहाँ के उत्तरी तथा पूर्वी भागों में उष्ण कटिबंधीय सदाबहारी वन, दक्षिणी-पूर्वी तथा दक्षिणी-पश्चिमी भागों में पतझड़ वाले वन वृक्ष मिलते हैं। शीतोष्ण वन के मुख्य वृक्ष यूकेलिप्टस है।

**Q 49. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| **नदियां** | | **विशिष्टताएं** |
|---|---|---|
| 1. विक्टोरिया नदी | - | उत्तरी ऑस्ट्रेलिया की यह नदी वोनापार्ट की खाड़ी में गिरती है। |
| 2. डार्लिंग नदी | - | यह ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी नदी है। |
| 3. मर्रे नदी | - | ग्रेट डिवाडिंग रेंज से निकलकर दक्षिणी महासागर में गिरती है। |

**उपर्युक्त में से कितनें युग्म सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

Ans. C

व्याख्याः ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप की उपर्युक्त नदियां एवं उनकी विशिष्टताओं के सभी युग्म सही सुमेलित हैं। यथा- ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख नदियांः

- विक्टोरिया नदी- उत्तरी ऑस्ट्रेलिया की यह नदी वोनापार्ट की खाड़ी में गिरती है।
- डार्लिंग नदी- ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी नदी है। इसके बेसिन में गेहूं का उत्पादन किया जाता है।
- मर्रे नदी- ग्रेट डिवाडिंग रेंज से निकलने वाली यह नदी विक्टोरिया और न्यू साउथ वेल्स की सीमा बनाते हुए दक्षिणी महासागर में गिरती है।

**Q 50. ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप पूर्णतः दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है।
2. कर्क रेखा इसके मध्य से होकर गुजरती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

Ans. A

व्याख्याः ऑस्ट्रेलिया विश्व का सबसे छोटा तथा सबसे कम जनसंख्या वाला महाद्वीप है। इसकी खोज सन् 1770 में सर्वप्रथम कप्तान जेम्स कुक (अंग्रेज) ने की थी। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है। मकर रेखा इसके मध्य से होकर गुजरती है। इसके उत्तर और पूर्व में प्रशान्त महासागर तथा दक्षिण-पश्चिम में हिन्द महासागर स्थित है।